# कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला परियोजना अधिकारी
## समग्र शिक्षा (माध्यमिक) बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

क्र./समावेशी /स्पे.एजु.भर्ती/2023/ बलौदाबाजार, दिनांक 11../07/2023

## विज्ञापन

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छ.ग. रायपुर का पत्र क्र./827/समग्र शिक्षा/24/58 (23)/प्रारं–माध्य/2023 रायपुर दिनांक 24/05/2023 (पद स्वीकृति आदेश) एवं प्रशासकीय स्वीकृति आदेश क्र. /829/समग्र शिक्षा/24/58 (23) प्रार.–माध्य/2023 रायपुर दिनांक 24/05/2023 के अनुसार भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना (समावेशी शिक्षा) के बेहतर क्रियान्वयन हेतु विकासखंड स्तर पर स्पेशल एजुकेटर के पदों की स्वीकृति प्रदान किया गया है। स्पेशल एजुकेटर की नियुक्ति 20000/– निश्चित मानदेय पर केवल 12 माह के लिए होगी। इच्छुक अभ्यर्थी शर्तों के आधार पर आवेदन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार–भाटापारा के नाम से स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से दिनांक 19../07../2023 समय शाम 05:00 बजे तक स्वीकार होंगे। विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. | विकासखंड का नाम | पदनाम | पद संख्या | मानदेय प्रतिमाह | समय | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बलौदाबाजार | स्पेशल एजुकेटर | 01 | 20000/– | 12 माह | मान्यता प्राप्त संस्था/बोर्ड/विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर के साथ बी.एड. (विशेष शिक्षा) बी.एड. (सामान्य) के साथ 02 वर्ष का डिप्लोमा –विशेष शिक्षा में। |
| 2 | भाटापारा | | 01 | 20000/– | 12 माह | |
| 3 | बिलाईगढ़ | | 01 | 20000/– | 12 माह | |
| 4 | कसडोल | | 01 | 20000/– | 12 माह | |
| 5 | पलारी | | 01 | 20000/– | 12 माह | |
| 6 | सिमगा | | 01 | 20000/– | 12 माह | |

**नियम एवं शर्तें:–**

1. उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा स्वीकृत अवधि 12 माह के लिए ही अस्थायी रूप से रखा जायेगा एवं इस अवधि के पश्चात् भारत सरकार द्वारा आगामी माह के लिए स्वीकृत व मानदेय की राशि प्राप्त होने पर अवधि बढ़ायी जा सकेगी। अतः आवेदक कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक को नियमित नियुक्ति हेतु कोई दावा नही कर सकेगा।
2. अनुबंध के आधार पर अस्थाई रूप से कार्य कर रहा उम्मीदवार मानदेय वृद्धि और नियमितीकरण हेतु न्यायालय में याचिका दायर करने हेतु पात्र नहीं होगा।
3. चयनित उम्मीद्वार को एक अनुबंध करार पर हस्ताक्षर करना होगा और करार अनुबंध के उल्लंघन के मामले में अनुबंध रद्द माना जायेगा। जिसकी सूचना नहीं दी जावेगी और सेवा बगैर पूर्व सूचना के स्वमेव समाप्त मानी जावेगी।
4. आरक्षण एवं आयु सीमा में छूट प्रचलित शासकीय नियमों के अनुसार लागू होगा।
5. चयनित उम्मीद्वार को अस्थाई रूप से कार्य पर रखने संबंधी पत्र प्राप्त होने के पश्चात् नियत तिथि तक कर्त्तव्य में उपस्थित होना पड़ेगा अन्यथा मेरिट सूची में अगले उम्मीद्वार को प्राथमिकता दी जावेगी और अलग से आवेदन को औपचारिक सूचना नहीं दी जावेगी।
6. निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वमेंव अमान्य होंगे। डाक में विलंब के लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं रहेगा।
7. कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक को विज्ञापन वापस लेने/चयन प्रक्रिया को रद्द करने के साथ ही उपरोक्त कार्य अवधि में कार्य से संतुष्ट नहीं पाये जाने की स्थिति में एवं किसी भी अन्य विवाद की स्थिति में स्पेशल एजुकेटर को कार्य से पृथक करने का संपूर्ण अधिकार होगा। इस स्थिति में किसी भी प्रकार का आवेदन/अपील विचारणीय व मान्य नहीं होगा। विवाद होने पर निर्णय का संपूर्ण अधिकार कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक के पास सुरक्षित होगा।
8. इस पद हेतु निश्चित एवं एकमुश्त मानदेय रू 20000/– (अक्षरी बीस हजार रू. मात्र) प्रति माह दिया जायेगा इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के अन्य भत्ते की पात्रता नहीं होगी।
9. आवेदक की आयु दिनांक 01/07/2023 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए।

10. चयन निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांक के आधार पर मेंरिट बेसिस पर होगा।

- स्नातकोत्तर में प्राप्त प्रतिशत का – 50 प्रतिशत
- बी.एड. (विशेष शिक्षा) में प्राप्त प्रतिशत का – 50 प्रतिशत
- बी.एड. (सामान्य शिक्षा) में प्राप्त प्रतिशत का – 25 प्रतिशत
- डी.एड. दो वर्षीय (विशेष शिक्षा) में प्राप्त प्रतिशत का – 25 प्रतिशत

नोट –

1. यदि कोई आवेदक विशेष शिक्षा मे बी.एड़ के साथ विशेष शिक्षा में डी.एड. दो वर्षीय पाठ्यक्रम पूर्ण किया है तो उन्हें केवल विशेष शिक्षा में प्राप्तांक का उपरोक्तानुसार लाभ (वेटेज) प्राप्त होगा।
2. यदि कोई आवेदक विशेष शिक्षा एवं सामान्य शिक्षा मे बी.एड. की परीक्षा उत्तीर्ण हो तो विशेष शिक्षा मे बी.एड. के प्राप्तांक का उपरोक्तानुसार लाभ (वेटेज) प्राप्त होगा।

11. आवेदन निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावेगा। आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची स्वप्रमाणित होनी चाहिए।

12. अपूर्ण अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीद्वारों को कोई सूचना नही दी जावेगी। ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे।

13. आवेदक को लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्यक रूप से लिखा होना चाहिए।

**(कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)**

जिला शिक्षा अधिकारी सह
जिला परियोजना अधिकारी
समग्र शिक्षा (माध्यमिक)
बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

पृ.क्र. / समावेशी / स्पे.एजु.भर्ती / 2023 /      बलौदाबाजार दिनांक 11 / 07 / 2023

1. प्रबंध संचालक, राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, (समिति की अध्यक्ष), बलौदाबाजार भाटापारा को सादर सूचनार्थ
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं पदेन जिला परियोजना संचालक समग्र शिक्षा (समिति के उपाध्यक्ष), बलौदाबाजार–भाटापारा को सादर सूचनार्थ।
4. जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र अधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र बलौदाबाजार को सूचनार्थ, कृप्या जिले के वेबसाईट में उक्त विज्ञापन को अपलोड करने का कष्ट करेंगे।
5. जिला जनसम्पर्क अधिकारी, बलौदाबाजार–भाटापारा को सूचनार्थ कृपया स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन करने का कष्ट करेंगे।
6. सहायक जिला परियोजना अधिकारी, (समिति के सदस्य), समग्र शिक्षा, बलौदाबाजार–भाटापारा को सूचनार्थ।
7. जिला मिशन समन्वयक / सहायक कार्यक्रम समन्वयक (समावेशी शिक्षा), (समिति के सदस्य), समग्र शिक्षा, बलौदाबाजार–भाटापारा को सूचनार्थ।

जिला शिक्षा अधिकारी सह
जिला परियोजना अधिकारी
समग्र शिक्षा (माध्यमिक)
बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

# विकासखंड स्तर पर स्पेशल एजुकेटर हेतु आवेदन–पत्र

हाल ही में खींचा हुआ रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो स्वयं से सत्यापित कर चस्पा करे

आवेदित पद का नामः– :–..............................................................

1. आवेदक का नाम :–..............................................................
2. पिता/पति का नाम :–..............................................................
3. जन्म तिथि अंको :–.......................दिन ...............माह......................वर्ष

   आयु दिनांक 01/07/2023 की स्थिति में :–..........दिन ...........माह...........वर्ष
4. लिंग :– पुरूष ☐ महिला ☐
5. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है:– हां ☐ नहीं ☐
6. जाति :– अजा ☐ अजजा ☐ अपिव ☐ अना ☐
7. शैक्षणिक/व्यावसायिक योग्यता का विवरण, जो कि अनिवार्य अर्हता में चाहा गया है:–

| क्र | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10 वी. | | | | | | |
| 2 | 12 वीं | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | | |
| 5 | बी.एड. (विशेष शिक्षा) | | | | | | |
| 6 | बी.एड.(सामान्य शिक्षा) | | | | | | |
| 7 | डी.एड. (विशेष शिक्षा) | | | | | | |

8. पत्र व्यवहार का पता :– ..............................................................

   :– ..............................................................

   :– ..............................................................

   STD कोड.............................. लैंडलाईन नम्बर..............................................

   :– मोबाईल नम्बर ..............................................................

   :– ई–मेल आई.डी. ..............................................................

   :– जिला का नाम......................................... पिन कोड ..................................
9. क्या आपके पास आवेदित पद के लिए शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताएँ है :– हां ☐ नहीं ☐
10. संलग्न प्रमाण –पत्रों की सूची
    - शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र
    - मूल निवास प्रमाण–पत्र
    - जाति प्रमाण–पत्र

<u>घोषणा पत्र</u>

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्णतः सत्य है एवं मैं आवेदित पद हेतु निर्धारित अर्हता/योग्यता रखता हूँ। मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य पाये जाने की दशा में आवेदन–पत्र/नियक्ति निरस्त की जा सकती है तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

दिनांकः–.................................

स्थानः–...................................

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम एवं पूर्ण स्थायी पता